आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 12.12.2025 समय : 0705

<><><><><><><><>

- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, अमित शाह कल रात द्वीपसमूह पहुंचे–वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उप–राज्यपाल ने उनका स्वागत किया।
- वीआईपी अतिथियों के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए 14 दिसंबर तक द्वीप समूह में मानवरहित विमान पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है।
- विशिष्ट अतिथियों के दौरे को देखते हुए यातायात नियंत्रण एवं वैकल्पिक मार्ग के लिए परामर्श जारी किया गया है।
- निर्वाचन आयोग ने गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 18 दिसंबर कर दी है।

<><><><><><><>

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, अमित शाह कल रात द्वीपसमूह पहुंचे। वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उनके आगमन पर, उनका स्वागत द्वीपों के उप–राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी, द्वारा किया गया। इस अवसर पर उनके साथ मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार, पुलिस महानिदेशक हरगोबिंदर सिंह धालीवाल, दक्षिण अंडमान जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी, जनप्रतिनिधि, प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य लोग उपस्थित थे।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने वीआईपी अतिथियों के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए 14 दिसंबर तक द्वीप समूह में ड्रोन, ग्लाइडर या अन्य रिमोट–नियंत्रित विमान पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। जिसमें विशेष रूप से वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, चिन्मय मिशन, बर्मानाला, डीब्रेट और नेताजी स्टेडियम शामिल है। दक्षिण अंडमान जिला मजिस्ट्रेट अर्जुन शर्मा, द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत वीआईपी दौरे के दौरान मानव जीवन और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए किसी भी संभावित खतरे को टालने के लिए तत्काल कार्रवाई की जाएगी। श्री विजय पुरम तहसील के वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, चिन्मय मिशन, बर्मानाला, डीब्रेट और नेताजी स्टेडियम के प्रतिबंधित क्षेत्रों और उनके आस–पास सभी प्रकार के मानवरहित हवाई वाहनों के उड़ान, संचालन और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंध आज से 14 दिसंबर तक लागू रहेगा।

अगर कोई भी व्यक्ति इस प्रतिबंध का उल्लंघन करता पाया गया तो उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, भारतीय दंड संहिता और नागरिक उड्डयन अधिनियम सहित कानून के अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><>

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने कल संसद भवन में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। बैठक के दौरान, सांसद ने द्वीप समूह के कल्याण और विकास से संबंधित महत्वपूर्ण मांगों को उठाया। उन्होंने अधिवास कानून को लागू करने, लद्दाख के समान सरकारी नौकरियों के लिए 40 वर्ष आयु सीमा निर्धारित करने, वार्षिक बजट में वृद्धि और 5,000 करोड़ रूपये की विशेष वित्तीय सहायता स्वीकृत करने, द्वीप समूह के लिए ओबीसी आयोग का शीघ्र गठन करने, 73वें और 74वें संवैधानिक संशोधनों के अनुरूप पंचायती राज संस्थाओं और नगर पालिकाओं को पर्याप्त धनराशि, शक्तियाँ और कार्य प्रदान करने और गृह मंत्रालय की सलाहकार परिषद की बैठक बुलाकर द्वीपसमूह से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण विकासात्मक मामले पर चर्चा करने का अनुरोध किया। गृह मंत्री ने उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

<><><><><><>

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने कहा है कि भारत सभी क्षेत्रों में नारी शक्ति का अभूतपूर्व उदय देख रहा है। कल नई दिल्ली में महिलाओं और दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण पर मीडिया को जानकारी देते हुए उन्होंने उनके सम्मान, गरिमा और आत्म–सम्मान को बनाए रखने के सरकार के संकल्प पर ज़ोर दिया। श्री मुरुगन ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना शुरू करने के कारण देश का लिंग अनुपात प्रति एक हज़ार पुरुषों पर एक हजार बीस महिलाओं तक पहुँच गया है। डॉ. मुरुगन ने आगे कहा कि पीएम आवास योजना से 2 करोड़ 75 लाख लोगों को फायदा हुआ है।

<><><><><><>

विशिष्ट अतिथियों के दौरे को देखते हुए आज के लिए यातायात नियंत्रण एवं वैकल्पिक मार्ग के लिए परामर्श जारी किया गया है। परामर्श में कहा गया है कि किसी भी अवधि के लिए कोई भी मार्ग बंद या अवरुद्ध नहीं किया जाएगा। नियमित यातायात सामान्य रूप से जारी रहेगा। आधिकारिक आवाजाही के दौरान वाहनों के सुचारू और सुरक्षित प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए केवल अस्थाई रूप से यातायात विनियमन लागू किया जाएगा। आज भातुबस्ती, डॉलीगंज, डेयरी फार्म, वीआईपी रोड से जाने वाले यात्रियों

को भातुबस्ती – कॉर्बिन चौक – चक्करगाँव – नयागाँव – हवाघर जंक्शन – मुरुगन मंदिर – आरके मिशन जंक्शन से अबरडीन बाजार और जी.बी. पंत अस्पताल जाने वाले यात्री घंटाघर – जिमखाना क्रॉसिंग – डिगनाबाद सी शोर – वाटर स्पोर्ट्स जंक्शन  से जी.बी. पंत बैक गेट तक सुबह 07 बजे से सुबह 09 बजे तक इस मार्ग का उपयोग कर सकते हैं। सचिवालय, पुलिस लाइन्स, डॉलीगंज, भातुबस्ती के यात्रियों के लिए वाई. नारायण जंक्शन – जे.एन.आर.एम. – मजार पहाड़ – कॉर्बिन कोव बीच – प्रातरापुर – पत्थरगुड्डा –भातुबस्ती  के लिए यातायात सुबह 10 बजे से सुबह 11 बजे तक खुला रहेगा। इसके अलावा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक फायर ब्रिगेड मुख्यालय, सचिवालय, डॉलीगंज, भातुबस्ती, पत्थरगड्ढा, प्रातरापुर, कामराज नगर, बिडनाबाद और चिड़ियाटापु जाने वाले यात्रियों के लिए सड़क मार्ग खुला रहेगा। कल शाम 3 बजे से 6 बजे तक और 14 दिसम्बर को दोपहर साढ़े बारह से ढेड़ बजे तक यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए भी परामर्श जारी किया गया है। किसी भी आपात स्थिति के मामले में यात्रियों से यातायात नियंत्रण कक्ष से संपर्क करने या व्हाट्सएप पर संदेश भेजने को कहा गया है। यात्रियों को वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल. कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग ने अंडमान निकोबार द्वीप समूह में चल रहे विशेष गहन मतदाता सूची संशोधन की अनुसूची में संशोधन किया है। अब आयोग ने गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 18 दिसंबर कर दी है। मतदाता सूची का मसौदा प्रकाशन 23 दिसंबर को किया जाएगा। दावे और आपत्तियां दाखिल करने की तिथि 23 दिसम्बर से अगले वर्ष 22 जनवरी तक और सत्यापन का कार्य 23 दिसंबर से अगले वर्ष 14 फरवरी तक किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को जारी किया जाएगा।

<><><><><><><>

जल शक्ति मंत्रालय ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल के कार्यान्वयन को सुदृढ़ करने के लिए जिला कलेक्टरों के पेयजल संवाद का चौथा संस्करण आयोजित किया। पेयजल और स्वच्छता विभाग के सचिव अशोक के.के. मीना ने वर्चुअल माध्यम से इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए तीन प्रमुख प्राथमिकताओं का उल्लेख किया। इनमें नियमित डीडब्ल्यूएसएम समीक्षा बैठकें आयोजित करना और स्पष्ट योजना मानचित्रण, पारदर्शी परिसंपत्ति प्रबंधन और बेहतर निगरानी के लिए सुजलाम भारत ऐप का निर्माण करना शामिल है। इनमें प्रोटोकॉल की तैयारी, चालू करने से लेकर सौंपने तक की प्रक्रियाओं और ग्राम जल एवं स्वच्छता सामुदायिक सशक्तिकरण पर मार्गदर्शन के लिए पुस्तिका को अपनाना भी शामिल है। बैठक के

दौरान राष्ट्रीय जल जीवन मिशन की उप सचिव अंकिता चक्रवर्ती ने इस बात का उल्लेख किया कि जल अर्पण दिवस सरकार की ओर से एक घोषणा है, जिसका उद्देश्य समुदायों को उनके जल संसाधनों से जोड़ना है।

<><><><><><><>